Need to connect villages in Jaunpur Parliamentary Constituency with main road under PMGSY-laid

श्री बाबू सिंह कुशवाहा **(जौनपुर) :** प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना का उद्देश्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों को मुख्य मार्ग से जोड़ा जाए, ताकि ग्रामीणों को आवागमन में असुविधा न हो और विकास के अवसरों तक उनकी पहुंच सुनिश्चित हो सके । किन्तु वर्तमान में मुख्य मार्ग से 3 किलोमीटर की दूरी पर स्थित गांवों को ही प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत जोड़ने का प्रावधान है । मेरे संसदीय क्षेत्र जौनपुर में ऐसे कई गांव हैं जो मुख्य मार्ग से अभी तक जुड़े नहीं हैं जैसें, विधान सभा सदर में सिद्दीकपुर मुख्य मार्ग से मिलकोपुर वायां जमालपुर तिराहा तक, दूरी 3 किमी0, मल्हनी विधान सभा में करंजा कलां मुख्य मार्ग से ग्राम छबिलेपुर तक, दूरी 3 किमी0 । ऐसे कई और गाँव है, जिनके कारण ग्रामीणों का आवागमन बाधित हो रहा है । मरीजों को समय पर अस्पताल ले जाने में और किसानों को अपनी फसलें मंडियों तक पहुंचाने में परेशानी हो रही है । मेरा सरकार से आग्रह है कि मेरे संसदीय क्षेत्र जौनपुर में जो गॉव मुख्य मार्ग से 3 किमी0 की दूरी पर स्थित हैं उनका सर्वेक्षण कराकर उन्हें ग्रामीण सड़क योजना के तहत मुख्य मार्ग से जोड़ा जाये ।